>

Title: Need to provide adequate quantity of fertilizers to farmers in Maharashtra particularly in the Parbhani Parliamentary Constituency.

श्री गणेशराव नागोराव दूधगांवकर (परभणी) : मराठवाड़ा ही नहीं बल्कि पूरे महाराष्ट्र में आज किसानों को खेती के लिए खाद की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। यहां के किसानों ने बार–बार खाद की आपूर्ति की मांग केन्द्र से की है लेकिन आज तक इसकी सुनवाई नहीं हुई और किसानों को खाद की आपूर्ति नहीं होने के कारण मराठवाड़ा सहित पूरे महाराष्ट्र के किसानों की हालत काफी खराब है। यदि उन्हें खाद की आपूर्ति नहीं की गयी तो उनकी फसलों को और नुकसान होगा तथा किसानों के नुकसान की भरपाई बाद में करना मुश्किल होगा।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र परभणी के साथ–साथ समस्त मराठवाड़ा सहित पूरे महाराष्ट्र में किसानों की मांग के आधार पर खाद की आपूर्ति की जाये और किसानों की परेशानी को दूर किया जाये।